Principles of Journalism (cont..)
पत्रकारिता के सिद्धांत

PRESENTED BY
DR. ARCHANA BHARTI
GUEST FACULTY, MJMC
SEM-1, PAPER- 101
UNIT 5 (JOURNALISM)
DATE- 27/07/2021

Principles of Journalism

- पत्रकारिता कुछ सिद्धांतों पर चलती है। पत्रकारिता के आदर्श या मूल्य होते हैं। जिसका पालन करके एक पत्रकार और उसका समाचार संगठन अपने पाठकों का विश्वास जीत सकता है। किसी भी समाचार संगठन की सफलता उसकी विश्वसनीयता पर की जाती है। पत्रकारिता तथ्यों की शुद्धता (Accuracy), वस्तुपरकता (Objectivity), निष्पक्षता (Fairness), संतुलन (Balance), स्त्रोत (Source) आदि सिद्धांतों पर चलती है। जिसकी बारी–बारी से अगले स्लाइड में चर्चा की गई हैं।

Principles of Journalism

- **तथ्यों की शुद्धता (Accuracy)**– एक आदर्श रूप में मीडिया और पत्रकारिता वास्तविकता का प्रतिबिंब है। एक पत्रकार समाचार के रूप में वास्तविकता को पेश करने की कोशिश करता है। इसके लिए ऐसे तथ्यों का चयन किया जाता है जो सम्पूर्ण घटना का प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए यह अति महत्वपूर्ण हो जाता है कि किसी भी विषय के बारे में समाचार लिखते समय हम किन सूचनाओं और तथ्यों का चयन करते हैं और किसे छोड़ देते हैं। तथ्य सटीक और सही होना चाहिए उसे तोड़–मरोड़कर पेश नहीं करना चाहिए।

Principles of Journalism

- **वस्तुपरकता (Objectivity)** – वस्तुपरकता का संबंध इस बात से है कि कोई व्यक्ति तथ्यों को किस प्रकार से देखता है। इसमें एक पत्रकार समाचार के लिए तथ्यों का संकलन करते समय और उसे प्रस्तुत करते हुए अपनी धारणाओं या अपने विचारों से प्रभावित नही होने दे।
- **निष्पक्षता (Fairness)** – एक पत्रकार को निष्पक्ष होना बहुत जरूरी है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, इसलिए राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए पत्रकारिता को सही और गलत, न्याय और अन्याय जैसे मसलों के बीच तटस्थ नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे निष्पक्ष होते हुए सही और न्याय के साथ देना चाहिए।

Principles of Journalism

- **संतुलन (Balance)** – आमतौर पर समाचार में संतुलन की आवश्यकता वहां पड़ती है जहां किसी घटना में अनेक पक्ष शामिल होते हैं और उनका आपस में किसी न किसी रूप में टकराव रहता है, ऐसी स्थिति में सभी संबंद्ध पक्षों की बात समाचारीय महत्व के अनुसार समाचार में देनी चाहिए। जब किसी पर कोई आरोप लगाया जाता है या इससे मिलती–जुलती कोई स्थिति हो जाती है, ऐसी स्थिति में संतुलन रखना पड़ता है। इस प्रकार के समाचारों में हर पक्ष की बात को रखना जरूरी हो जाता है।

Principles of Journalism

- **स्त्रोत (Source)** – समाचार में कोई सूचना या कोई जानकारी होती है। पत्रकार उस सूचना और जानकारी के आधार पर समाचार को तैयार करता है। उसे किसी घटना या सूचना को जानने के लिए दूसरे स्त्रोतों पर भी निर्भर रहना पड़ता है। किसी भी समाचार के लिए जरूरी सूचना और जानकारी प्राप्त करने के लिए मीडिया संगठन और पत्रकार को किसी–न–किसी स्त्रोत की जरूरत होती है। समाचार में शामिल सूचनाओं का स्त्रोत होना आवश्यक है। इसके बिना समाचार का महत्व कम हो जाता है।